>

Title: Shortage of cooking gas in Maharashtra and other parts of the Country.

श्री सुरेश वाघमारे (वर्धा) : सभापति महोदय, देश के विभिन्न क्षेत्रों में कुकिंग गैस की कमी के कारण उपभोक्ताओं को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गैस सिलेंडर और कनैक्शन नहीं मिलने और गैस की आपूर्ति में कमी आने की वजह से, वितरण कंपनियां मूल कीमतों से ज्यादा दाम पर, उपभोक्ताओं को गैस की सप्लाई कर रही हैं। मैं समझता हूं कि चार साल पूर्व यह स्थित देश में नहीं थी। तब उपभोक्ताओं को गैस लेने के लिए कतार लगाने की भी जरूरत नहीं पड़ती थी, लेकिन अब उपभोक्ताओं को रीफिल कनैक्शन के साथ अन्य घटिया वस्तुओं को लेने के लिए भी मजबूर होना पड़ रहा है। मेरे क्षेत्र में तो यह देखने में आया है कि रीफिल के साथ में चाय के पैकेट्स भी दिए गए। इस प्रकार का काम देश में हो रहा है।[r89]

मैं आपके माध्यम से सरकार को सूचित करना चाहता हूं कि जो चार साल पहले एन.डी.ए. की सरकार में गैस कनैक्शन की आपूर्ति थी, उसमें लोगों को लाइन में लगना नहीं पड़ता था। इसलिए एक नियोजन बनाकर स्थिति को सुधारने के लिए और उपभोक्ताओं को सही मायने में एक अच्छी व्यवस्था देने के लिए आप प्रयास करें और जो उपभोक्ताओं को मजबूरन लूटा जा रहा है, उसकी रोकथाम के लिए नियोजन करें। धन्यवाद।